THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (CHAUDHURI CHARAN SINGH): (a) and (b). The Government are aware of general complaints of this nature. A decision as to whether an inquiry should be held and the manner in which the inquiry should be made in respect of any particular case, will be taken, on merits of the case if specific complaints are brought to Government's notice.

### "आंसुका" की धारा 16–क के अधीन राजनैतिक बन्दी

77. **श्री उग्रसेन** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 26 जून, 1975 को आपात स्थिति की घोषणा के बाद से 31 जनवरी, 1977 तक "आंसुका" (मीसा) की धारा 16–क के अधीन राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न राजनैतिक दलों के कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये ;

(ख) उनमें से कितने व्यक्ति अभी तक जेलों में बन्द हैं; और

(ग) वर्ष 1975–76 से 31 जनवरी, 1977 तक कितने राजनैतिक बन्दियों की जेलों में मृत्यु हो गई और उनमें से प्रमुख आदमियों के नाम क्या हैं ?

**गृह मंत्री (चौधरी चरण सिंह)** : (क) 29 जनवरी, 1977 को विभिन्न राजनैतिक दलों के 2861 व्यक्ति और जिनके मामलों में आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखना अधिनियम, 1971 की धारा 16क लागू की गई थी, नजरबन्द थे। राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखना अधिनियम, 1971 की धारा 16–क के अधीन 26 जून, 1975 से 31 जनवरी, 1977 तक की अवधि के दौरान नजरबन्द किये विभिन्न राजनैतिक दलों के व्यक्तियों की संख्या के बारे में सूचना राज्य सरकारों से एकत्रित की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जायेगी।

(ख) 25 जून, 1975 को लागू की गई आपातस्थिति के हटाये जाने से आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखना अधिनियम, 1971 की धारा 16–क समाप्त हो गई है। अधिनियम की इस धारा के अधीन नजरबन्द किये गये सभी व्यक्ति नजरबन्दी से रिहा कर दिये गये है।

(ग) राज्य सरकारों से सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जायेगी।

### विवरण

| क्र० सं० | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | राजनैतिक नजरबन्दियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 19 |
| 2. | असम | 13 |
| 3. | बिहार | 230 |
| 4. | गुजरात | 17 |
| 5. | हरियाणा | 45 |
| 6. | हिमाचल प्रदेश | — |
| 7. | जम्मू व कश्मीर | 15 |
| 8. | कर्नाटक | 20 |
| 9. | केरल | 34 |
| 10. | मध्य प्रदेश | 846 |
| 11. | महाराष्ट्र | 697 |
| 12. | मणिपुर | — |
| 13. | मेघालय | 1 |

विवरण

| क्रम० सं० | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | राजनैतिक नजरबन्दियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 14 | नागालैण्ड | 1 |
| 15 | उड़ीसा | 37 |
| 16 | पंजाब | 22 |
| 17 | राजस्थान | 3 |
| 18 | सिक्कम | — |
| 19 | तमिलनाडु | 61 |
| 20 | त्रिपुरा | 18 |
| 21 | उत्तर प्रदेश | 68 1 |
| 22 | पश्चिमी बंगाल | 31 |
| 23 | अरुणाचल प्रदेश | — |
| 24 | अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह | 2 |
| 25 | चण्डीगढ़ | 1 |
| 26 | दादरा व नगर हवेली | — |
| 27 | दिल्ली | 44 |
| 28 | गोवा दमन व दीव | 9 |
| 29 | लक्षदीप | — |
| 30 | मिजोरम | 12 |
| 31 | पांडिचेरी | — |
| 32 | केन्द्रीय सरकार | 2 |
| | जोड़ | 2861 |



**"मीसा" के अन्तर्गत बन्दी राजनैतिक व्यक्तियों के परिवारों को निर्वाह भत्ता**

78. श्री छविराम अर्गल :
श्री बशीर अहमद :
श्री उग्रसेन :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 'मीसा' में बन्दी राजनैतिक दलों से सम्बद्ध व्यक्तियों के परिवारों को किन किन राज्यों में निर्वाह भत्ता दिया गया तथा किन-किन राज्यों में ऐसा भत्ता नहीं दिया गया ;

(ख) कितने व्यक्तियों को कितना-कितना मासिक भत्ता दिया गया और राज्यों द्वारा निर्वाह भत्ता देने पर कुल कितनी राशि व्यय की गई; और

(ग) किस किस राज्य में निर्वाह भत्ते के लिए किया गया अनुरोध स्वीकार नहीं किया गया ?

**गृह मंत्री ( चौधरी चरण सिंह ): (क) से (ग)** राज्य सरकारों से सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जायेगी ।

**Pending Applications from Kerala**

79. SHRI K. KUNHAMBU: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) the total number of licence applications from Kerala pending sanction with the Ministry; and

(b) the steps taken to clear these applications ?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI BRIJLAL VERMA): (a) and (b). Out of the industrial licence applications for Kerala received till 31st March, 1977, 14 applications are